

## एक नजर में

### जीवन भर एक शिक्षक एवं संगठन प्रहरी बनकर कार्य करते रहे : यादव

**उज्जैन।** विद्या भारती महाकौशल प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री श्रद्धेय ब्रह्मानंद यादव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर का देवलोकगमन हो गया है जिनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम विद्या भारती मालवा परिवार द्वारा सम्राट विक्रमादित्य भवन, प्रशिक्षण, शैक्षिक एवं अनुसन्धान केंद्र, चिंतामण गणेश मंदिर मार्ग, उज्जैन पर



आयोजित किया गया है, जिसमे श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए शिक्षाविद् वरुण गुप्ता, कार्य परिषद सदस्य विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने स्वर्गीय श्री ब्रह्मानंद जी यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आप जीवन भर एक शिक्षक एवं संगठन प्रहरी बनकर कार्य करते रहे, आप अशोक सिंघल के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आए एवं आजीवन संघ का कार्य करते रहे। आप शिशु मंदिर के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे तथा आपने मध्यकौशल प्रान्त के संगठन मंत्री के दायित्व का भी निर्वहन किया, आप एक शिक्षक के रूप में 1949 से कार्य करते हुए आपका सम्पर्क मध्यप्रदेश विद्या भारती के जनक स्व. श्री रोशनलाल जी से हुआ और आपको सरस्वती शिशु मंदिर के कार्य में लगा लिया। 2001 में संगठन मंत्री के दायित्व से मुक्त होने के पश्चात् विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय कार्यालय में 2013 तक धर्म प्रचार विभाग में कार्य देखते रहे, उज्जैन जिला शिक्षा अधिकारी आनंद जी शर्मा द्वारा आपकी पारिवारिक जानकारी देते हुए बताया कि आपका जन्म उत्तरप्रदेश के तत्कालीन जिला फ़ैजाबाद (वर्तमान आंबेडकर नगर) के कोरा गाँव में हुआ था, आपकी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई में हुई आपने अंग्रेजी एवं गणित विषय में विशेष योग्यता प्राप्त की थी।

आपके 3 पुत्र एवं 1 पुत्री है और सभी संघ संस्कारो से परिपूर्ण निरंतर समाज कार्य में संलग्न है, इस अवसर पर विद्या भारती मालवा प्रान्त, ग्रामीण शिक्षा के अध्यक्ष सोभाग्य सिंह ठाकुर ने बताया कि श्रद्धेय ब्रह्मानंद यादव एक निष्काम कर्म योगी संत के समान संगठक और शिक्षक की भूमिका में रहे, आपने अपना पूरा जीवन संगठन को समर्पित कर दिया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेश शर्मा, प्रकाशचंद्र धनगर-प्रान्त अध्यक्ष, प्रान्त प्रमुख पंकज पवार एवं त्रिलोक तिरोले, सह-प्रान्त प्रमुख सुन्दरलाल शर्मा एवं नगर के प्रमुख शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने उपस्थित हुए। कार्यक्रम की जानकारी विद्या भारती मालवा के सह सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक अनुराग जैन ने दी।

### गांव भगतपुरी में रात को श्रमिक पर चाकुओं से हमला, उपचार के दौरान मौत

**नागदा ।** चंबल नदी के उस पार स्थित गांव भगतपुरी में शुक्रवार रात को धार जिले के एक मजदूर पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। मजदूर अपने परिवार के साथ गांव में एक किराए में रह कर ईंट भट्टे पर काम कर अपना जीवन यापन कर रहा था। हमले में मजदूर के शरीर पर 26 घाव मिले जिसमें से चाकुओं के 8 गहरे घाव थे। मृतक मुलक धार जिले के गांव बदनावर का रहने वाला है उसकी दो पत्नी है जिसमें पुलिस ने दूसरी पत्नी पर शंका जाहिर की, आरोपियों को पकडऩे के लिए टीम रात्रि में रवाना हो चूकी है, लेकिन शनिवार की शाम तक सफलता नहीं मिली। गांव भगतपुरी में गब्बू यादव के मकान में किराए से रहने वाले हुकुम पिता भेरुलाल गिरवाल उम्र 35 वर्ष पर रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे बाईक पर सवार होकर अज्ञात बदमाशों ने चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रुप से घायल हुकुम को उपचार के लिए जनसेवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दो हुकुम ने दमतोड़ दिया। मृतक की पत्नी आरती ने पुलिस को बताया कि रात्रि आठ बजे भोजन करने के बाद मैं और बच्चे पति के साथ सो गए थे, रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे अज्ञात व्यक्ति आए और पति को बाहर बुलाया। पति से बातचीत करने के दौरान विवाद किया और चाकुओं से हमला कर दिया। हुकुम के सिर, गदर्न की बायं तरफ सहित लगभग 26 घाव थे, जिसमें 8 चाकुओं के गेहरे घाव थे। शोर मचाने पर आसपास रहने वाले आ गए थे, शंकर पिता मांगू की सूचना पर डॉयल 100 के प्रमोद गोलावत सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को उपचार के लिए जनसेवा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात्रि में ही मृत्यु हो गई। पत्नी आरती ने रात्रि लगभग डेढ़ बजे हुकुम के पिता भेरुलाल गिरवाल को मोबाईल पर सूचना दी कि चाकुओं से हमला किया है इलाज के लिए जनसेवा में भर्ती कराया है। पुलिस को गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो व्यक्ति बाईक पर जाते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने आरती की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को पकडऩे के लिए टीम रवाना की है, शनिवार की शाम तक बिरलाग्राम पुलिस को सफलता नहीं मिली है।

मृतक की पृष्ठभूमि पता करने पर सामने आया है कि वह मूल रुप से बदनावर का रहने वाला है और बीते दो सालों से वह नागदा में रह रहा है। हुकुम की दो पत्नियां रेखा व आरती है। दोनों पत्नियों से पांच बच्चे थे। पहले सिर्फ आरती और हुकुम ही अपने तीन बच्चों के साथ रहते थे, 15 दिन पहले रेखा भी अपने दो बच्चों के साथ हुकुम के साथ रहने लगी। बताया जाता है कि रेखा और हुकुम के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार रात हत्या से पहले शाम को रेखा और हुकुम के बीच विवाद की खबर हैं। इसलिए पुलिस की जांच की सुई पारिवारिक विवाद के एंगल पर टिकी हुई है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने पूछताछ के लिए रेखा को हिरासत में भी ले रखा है। इसके अलावा पुलिस ने सीडीआर के साथ पीएसटीएन डाटा भी निकाला है। पुलिस ने हुकुम की पहली पत्नी सहित बच्चों के भी बयान दर्ज किए हैं।

ये सही है कि हमलावर हुकुम को जान से मारने की नीयत से ही आए थे। क्योंकि शॉर्ट पीएम में हुकुम के शरीर पर रगड व चाकू के करीब 26 घाव सामने आए है। वहीं पुलिस के अनुसार हुकुम के शरीर पर चाकू के लगभग 8 घाव है। बाएं हाथ की बगल व गर्दन पर गहरे घाव हैं, पैर पर भी गंभीर चोट है। ज्यादा खून बहने से हुकुम की मौत हुई हैं।

**इनका कहना है ..** प्रकरण में अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रारंभिक रुप से पारिवारिक विवाद का एंगल सामने आ रहा है, जांच कर रहें हैं।

– जितेंद्र पाटीदार, थाना प्रभारी-बिरलाग्राम थाना

### ब्रह्मलीन भरतगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर प्रतिमा अनावरण एवं एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम

**बड़नगर।** जूना अखाड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रचार मंत्री ब्रह्मलीन भरतगिरी जी महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम नावदा, बडगारा स्थित वनखंडी आश्रम



पर प्रतिमा अनावरण एवं एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का ओयजन 20 जुलाई रविवार को किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या, विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, वरिष्ठ नेता गजेंद्रसिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़, नावदा सरपंच संतोष पाटीदार, बडगारा सरपंच प्र. महेंद्रसिंह राठौर, संदीप खटोड़, विश्वजीत व्यास, अजय व्यास उपस्थित रहेंगे । आयोजन को सफल बनाने की अपील ग्राम नावदा, बडगारा, पलवाडा, जलोद, धानियाखेड़ी, पायकुंडा के ग्रामीणजनों ने की है। उक्त जानकारी अमर खुटवाल ने दी।

### स्वच्छता में उज्जैन को सम्मान मिलने पर किया सफाई मित्रों का सम्मान

**उज्जैन।** स्वच्छता में उज्जैन को सम्मान मिलने पर वार्ड क्रमांक 18 में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष रवि राय सहित नागरिकों ने वार्ड के सभी सफाई मित्रों का सम्मान पुष्प माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासी एमएल दिवाकर, शेखर जायसवाल, करण सिंह ठाकुर मोंटी, उमेश यादव, श्रीनाथ, बाबू दादा सूर्यवंशी, इस्माइल करीम, धूव बाबा, अजय राय, रवि राणा, शर्माजी, उमेश शर्मा एवं नगर निगम की ओर से मेंट अंकित झांझोट, मेंट सलमान गय्युर एवं समस्त वाहन चालक सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापारी महासंघ एवं नागदा व्यापारी संघ द्वारा एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**नागदा। व्यापारी महासंघ एवं नागदा व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 19 जुलाई 2025, शनिवार को अग्रवाल मांगलिक भवन (धर्मशाला), जवाहर मार्ग, बस स्टैंड पर सुजोक थेरेपी आधारित एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वल के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर के अनुविभागीय अधिकारी श्रीमान ब्रजेशजी सक्सेना, नगर पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश श्रीवास्तव, तहसीलदार मुकेशजी सोनी, ब्रह्माकुमारी दीदी पूनम जी एवं भारतीय स्टेट बैंक नागदा के शाखा प्रबंधक श्री आशीषजी सक्सेना, एसबीआई रोकड़ अधिकारी राहुल जी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस. आर. चावला उपस्थित रहे। व्यापारी महा संघ संरक्षक हनुमान प्रसाद शर्मा एवं राजेंद्र जी कांठेड़ अतिथियों के साथ मंचासीन रहे।

उक्त अतिथियों का स्वागत महा व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, नागदा व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री पंकज नामदेव, सचिव श्री दिलीप सोनगरा, कोषाध्यक्ष श्री रसमन जैन, संयोजक दिलीप कांठेड़, संरक्षक सज्जन सिंह शेखावत डिस्पोजल संघ अध्यक्ष बृजेश तक मेडिकल संघ अध्यक्ष अंकित सेठिया, संस्थापक अध्यक्ष व्यापारी महासंघ बिंदु जैन तेल वाले, भगवान पोरवाल, गोपाल सलूजा, नवीन पोरवाल नंदकिशोर पोरवाल, दुर्गेश नगर शिवनारायण सोलंकी राहुल अग्रवाल प्रेम पोरवाल विकास सिंदल, निलेश मेहता अनिल मोहन भोग महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती लता खेतान, सीमा मालपानी राधा पांचाल उपस्थित व्यापारी संघ के सदस्य द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया। उपस्थित प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान एवं पत्रकार परवेज अजीज खान श्री राजोरिया का स्वागत किया गया। अतिथि एवं व्यापारी संघ द्वारा चिकित्सा शिविर में सेवा दे रहे चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश सारण एवं एच आर चौधरी का चल पुष्पमाला से स्वागत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्थ कांठेड़ ने किया।

यह एक्यूप्रेशर शिविर दिनांक 19 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 80 से 12 बजे तक एवं सायं 4 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर मरीज को 15 से 20 मिनट तक निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा। जिसका 6 दिन का शुल्क मात्र ?100 रखा है।

> शिविर में अनुमानित 20 तरह के विभिन्न रोगों का उपचार बिना औषधि एक्यूप्रेशर थेरेपी से किया जाएगा। स्वागत की श्रृंखला के बाद अतिथियों ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित कर व्यापारी संघ द्वारा वर्ष भर में विभिन्न सेवा कार्य करने की भूरी भूरी सराहना की। मंचा सीन अतिथि व्यापारी सदस्य एवं आगंतुके जनो आभार व्यापारी महासंघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने माना। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



### गुरुद्वारा सुखसागर पर गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पर्व

**उज्जैन। फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुखसागर पर में सिख समाज के आठवें गुरु गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा और समर्पण के साथ जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया।** इस अवसर पर गुरुद्वारा में सुबह से ही कीर्तन और कथा की रसप्रद संगत का आयोजन किया गया है। गुरुद्वारा सुखसागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कॉलरा ने बताया जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष रूप से दिल्ली से रागी जत्था उज्जैन पहुंचा था, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी और कीर्तन से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने मिलकर लंगर छका।

गुरु हरकिशन साहिब का जीवन सेवा और बलिदान का अनुपम उदाहरण है। उन्हें मात्र 5 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी प्राप्त हुई थी और 8 वर्ष की अल्पायु में ही उनका निधन हो गया था। जब गुरु हरकिशन साहिब दिल्ली में थे, तब वहां चेचक की महामारी फैल गई थी। गुरु साहिब ने अपनी दैवीय शक्ति से लोगों को इस बीमारी से मुक्ति दिलाई।

## इंटरनेशनल अध्यक्ष से की मुलाकात

**उज्जैन। अमेरिका औरलेडो में 204 देश के 800 से अधिक गवर्नर के साथ शपथ ग्रहण करने के पश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 32.33 जी 2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं एमजेएफ लायन रेनू वशिष्ठ ने लायन इंटरनेशनल के अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन एपी सिंह से मुलाकात कर लायंस के बारे में विस्तृत चर्चा की।**



डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि इंटरनेशनल लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन एपी सिंह के नेतृत्व में इंटरनेशनल लायंस क्लब के 200 से अधिक देश से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की शपथ विधि समारोह में सबसे पहले भारत का तिरंगा फहराया गया एवं जन गण मण एवं वंदे मातरम गाया गया जिसमें उज्जैन से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रेनू वशिष्ठ एवं पूर्व गवर्नर बालवीर साहनी, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लाड्याजी ने तिरंगा फहराकर भारत का नाम गौरवांवित किया। जहां पूरे विश्व से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के अलावा सैकड़ो की तादाद में लायंस पदाधिकारी आए हैं। सभी ने एक स्वर में भारतीय राष्ट्रीय गीत गाया। पूरे माहौल में वंदे मातरम गूंज गया। विश्व का शहंशाह अमेरिका जैसे देश में भारत का राष्ट्रीय गीत ऐसे गुंजा जैसे भारत पुनः विश्व गुरु बन गया। क्लब होली सिटी के चार्टर अध्यक्ष लायन भारत जैन, लायन सुशील पोरवाल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह, लायन भगवान दास एरन, लायन आरजी पाठक, लायन अजय गुप्ता आदि पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है।




### मौका परस्त राजनीति पर व्यंग्य कसते नाटक 'झोपड़ पट्टी' का हुआ मंचन

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन। वक़ार फारूक़ी नाट्य एवं फिल्म संस्थान द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाट्य निर्देशक स्वर्गीय गुलाब सिंहजी यादव स्मृति नाट्य संध्या में नाटक झोपड़ पट्टी का मंचन किया गया।**

राजेश कुमार द्वारा लिखित एवं दिलशाद फारूक़ी द्वारा निर्देशित नाटक झोपड़ पट्टी का मंचन अभिरंग नाट्य गृह, कालिदास संस्कृत अकादमी में हुआ। समारोह में विशिष्ठ अतिथि विधायक सतीश मालवीय, विशिष्ठ अतिथि शिव चौरसिया मालवी कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार, अतिथि वरिष्ठ नृत्याचार्य राजकुमुद ठोलीया, अतिथि गोविंद गंधे निदेशक कालिदास संस्कृत अकादमी, आनंद शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, राजीव पंड्या प्राचार्या शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रहे। झोपड़ पट्टी आज की राजनैतिक महत्वकांक्षा को दर्शाता और राजनीति पर व्यंग्य कसता नाटक है। जिसने स्पष्ट रूप से यह दर्शाया की किस तरह राजनैतिक फायदे के लिए एक झोपड़ पट्टी को उजाड़ दिया जाता है, फिर राजनैतिक फायदे के लिए झोपड़ पट्टी को पुनः बसा दिया जाता है, मुआवजा भी दे दिया जाता है और चुनाव निपटते ही फिर झोपड़ पट्टी को उजाड़ दिया जाता है। नाटक में जलधर की भूमिका में विशाल मेहता, सावित्री-स्नेहा मड़किया, खेलावन - सूर्यदेव औलहन, जट्टा - अतुल सेन, गोपी - हर्ष (हरिओम) मेहता, कवि - निखिल घावरी, जंगी - धर्मेश जोहर, मिसिर - जितेंद्र चौहान, कामरेड - एम. वसीम, गजराज - दिलीप अकोदिया, मुख्यमंत्री - भूषण जैन, इंस्पेक्टर 1 - प्रांजल पाटिल, इंस्पेक्टर 2 - भरत सोनी, आम जन की भूमिका में रवि परमार, अरुण मालवीय, मयंक बड़गोत्या, दिव्यांशी पाएगोड़े, रवीना पांचाल, प्रियंका तंतुआ, वैशाली कछवाय नजर आये। मंच परे वस्तु विन्यास-अतुल सेन, स्नेहा मड़किया, रूप सज्जा-विशाल मेहता, पंकज आचार्य, वस्त्र विन्यास-परिक्रमा चौहान, मंच निर्माण-विशाल मेहता, प्रकाश आलोकन-जगरूप सिंह चौहान, संगीत संकलन-हरिओम, निखिल घावरी, मुख्य स्वर - हर्ष (हरिओम) मेहता, निखिल घावरी एवं समस्त कलाकार, संगीत मार्गदर्शन - अजय मेहता, कार्यक्रम संचालन-शुभम शर्मा, वीडियो - अजय निगम, फोटो - शकिल गुट्टी, लेखक- राजेश कुमार, सहायक निर्देशन-विशाल मेहता, निर्देशन एवं परिकल्पना-दिलशाद फ़ारूक़ी, सहयोगी संस्थान-कला निरंतर सांस्कृतिक नाट्य एवं सामाजिक संस्थान, उज्जैन, सहयोग-राजेश जूनवाल, डॉ. पल्लवी किशन, कुमार किशन, अनन्त वर्मा, विशेष सहयोग-राजीव पंड्या प्राचार्य शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन का रहा।

## कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर साधु संतों ने कांवरियों का अभिनंदन किया

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन। बड़ा पुल स्थित श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा के श्री श्री 1008 जगातगुरु पंचानन्द गिरी महाराज कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर पुणे एवं राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए कावड़ यात्रियों का उज्जैन की पावन महाकाल नगरी में भव्य स्वागत किया गया।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि जी महाराज की मनसा अनुसार यह कार्यक्रम किया गया। जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि कांवरियों का उज्जैन आगमन पर जूना अखाड़े के संतों और पदाधिकारियों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से जूना खड़ा के श्री महंत सेक्रेटरी परमानंद गिरि महाराज एवं सोनू भारती नागा महाराज उपस्थित थे। हिमालय गिरी महाराज ने कावड़ यात्रियों ने महाकाल नगरी में जल चढ़ाने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में उचित सहयोग मिलता रहेगा। इसके साथ ही, उन्होंने प्रशासन से उन लोगों पर भी ध्यान देने का आग्रह किया, जो सनातन धर्म की परंपराओं के साथ गलत व्यवहार करते हैं, ताकि सनातन धर्म की विरासत अक्षुण्ण बनी रहे। जूना अखाड़े के पदाधिकारी यात्रियों के स्वागत, भंडारे और उनके रहने-ठहरने की व्यवस्था में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। अखाड़े की ओर से सभी देशवासियों और सनातन धर्म प्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### कुमावत बने मानवाधिकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष

**महिदपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल यादव जो मध्यपदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के विश्वसनीय माने जाते हैं उनके द्वारा दलित शोषित पीड़ित वर्ग की आवाज उठाने वाले झारड़ा के संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी मांगीलाल



कुमावत को मध्यप्रदेश मानवाधिकार सुरक्षा समिति का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर सभी ईस्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल यादव का आभार व्यक्त किया है। यह संस्था संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूकता फैलाने का काम करती है तथा नि:शुल्क कानूनी परामर्श प्रदान करती है इस संस्था का मूल उद्देश्य दलित शोषित पीड़ित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना तथा समाज में सोहार्दपूर्ण वतावरण का निर्माण करना है बता दे की पूरे देश में संस्था लोगों की मदद कर रही है

**एक नजर** राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट उज्जैन की बैठक आयोजित

## उज्जैन में 25 दिसंबर को होगा राठौर समाज का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन । राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट उज्जैन की एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बैठक मदनमोहन मंदिर, गोंदा की चौकी परिसर में ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर (सामगी वाले) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में समाजहित और युवा कल्याण से जुड़े कई प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।**



बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय रहा कि आगामी 25 दिसंबर 2025 को अखिल भारतीय राठौर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन उज्जैन में किया जाएगा। यह सम्मेलन विवाह योग्य युवक-युवतियों को संवाद और परिचय का एक आदर्श मंच प्रदान करेगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक कदम सिद्ध होगा। इस आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु एक परिचय सम्मेलन आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें संयोजक आशीष राठौर पूर्व ट्रस्टी एवं समाजसेवी, सह-संयोजक गोपाल राठौर (पत्रकार), संतोष राठौर 'पापड़' (समाजसेवी), जितेन्द्र राठौर (राठौर युवा संगठन अध्यक्ष) मनोनीत किए गए हैं। इन सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ और करतल ध्वनि के साथ अभिनंदन कर समाजजनों ने उनका स्वागत किया।

इस सम्मेलन की यादों को संजोने हेतु ट्रस्ट द्वारा 'मेल-मिलाप 2 ङ्क एक दूजे के लिए' शीर्षक से एक भव्य स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। यह स्मारिका न केवल समाज की गौरवशाली गतिविधियों का लेखा-जोखा होगी, बल्कि विवाह योग्य युवाओं की जानकारी का संगठित दस्तावेज भी होगी। गौरव की बात है कि इस स्मारिका के लिए पहला फूल पेज विज्ञापन समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं इंदौर के राठौर समाज संरक्षक हरीश राठौर 'लड्डू भैया' द्वारा बुक किया गया है। यह समाज सेवा और एकता के प्रति उनके समर्पण का परिचायक है।

संपूर्ण आयोजन को लेकर समाज में विशेष रूप से युवाओं में अत्यधिक उत्साह, गर्व और आत्मीयता का वातावरण है। सम्मेलन स्थल की घोषणा शीघ्र की जाएगी, साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। समाज के मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर (सामगी वाले), सचिव धर्मेन्द्र मगरवा, राजेन्द्र परमार, विजय राठौर (पीएचई), राहुल राठौर (पत्रकार), अर्जुन परिहार, राजेश राठौर दुर्गा कालोनी, मनोज राठौर महावीर नगर, निलेश राठौर, दुर्गा बाई राठौर, निर्मला चौहान, दीपक राठौर, अशोक राठौर सहित अन्य सभी वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने समाज के प्रत्येक वर्ग वरिष्ठ, मातृशक्ति, युवाओं एवं सेवाभावी जनों से सहभागिता एवं सहयोग का आह्वान किया है। यह सम्मेलन निश्चित ही राठौर समाज को संगठित, सशक्त एवं प्रेरणादायी दिशा में अग्रसर करेगा और समाज के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ेगा।